महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय,बरेली
MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY

पत्रांक :रू0वि0/शैक्षणिक/2021/ 3009-10 दिनांकः 18.02.2021

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्त पोषित महाविद्यालय
सम्बद्ध एम0जे0पी0रू0वि0, बरेली।

विषय– **राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के परिप्रेक्ष्य विश्वविद्यालयों में टास्क फोर्स एवं महाविद्यालयों में क्रियान्वयन समिति के गठन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक के संबंध में अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ के पत्रांक 90/रा0उ0शि0प0/151202 दिनांक 11.02.2021 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से शासनादेश सं0 474/सत्तर–3–2021–08(35)/2020 दिनांक 10 फरवरी 2021 में दिये गये दिशा–निर्देश के अनुपालन में प्रत्येक महाविद्यालय तीन अथवा पॉच सदस्यीय क्रिन्यावयन समिति गठित करते हुए प्रत्येक माह कम से कम एक संगोष्ठी आयोजित करने का कष्ट करें।

उक्त के संबंध में आपसे अनुरोध है कि कृपया क्रिन्यावयन समिति गठित कर कार्यक्रम बनाकर Ms Word file, Kruti Dev 010 Font एवं PDF File अधोहस्ताक्षरी के registrarmjpru@gmail.com पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि वांछित सूचना संकलित करते हुए समयबद्ध रूप से शासन को उपलब्ध करायी जा सकें।

संलग्न–यथोपरि।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–3 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, 619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।
3. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
4. सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)
5. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाइट।

कुलसचिव

E-mail : upshec@gmail.com,
Website : www.uphed.gov.in/council

Phone : 0522-2287025
0522-4306795

# उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद्

619, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ – 226001

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध
पत्रांक : 90 /रा0उ0शि0प0/ 15/202
दिनांक : 11 फरवरी, 2021

सेवा में,

1. कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2. कुलसचिव,
समस्त निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

विषय : राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के परिप्रेक्ष्य विश्वविद्यालयों में टास्क फोर्स एवं महाविद्यालयों में क्रियान्वयन समिति के गठन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–474/सत्तर–3–2021–08(35)/2020 दिनांक 10 फरवरी, 2021 (प्रति संलग्न) का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। शासन द्वारा प्रत्येक विश्वविद्यालय में टास्क फोर्स का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक शैक्षिक संस्थान द्वारा कम से कम एक संगोष्ठी प्रत्येक माह की जानी है। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के माध्यम से क्रमबद्ध संगोष्ठियों का आयोजन अपेक्षित है।

2– अतः अनुरोध है कि उक्त के संबंध में कार्यक्रम बनाकर **Ms Word File, Kruti Dev 010 Font** एवं **PDF File** में उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद की ई0मेल आई0डी0 **upshec@gmail.com** दिनांक 24.02.2021 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें। जिससे वांछित सूचना संकलित करते हुए समयबद्ध रूप से शासन को उपलब्ध करायी जा सके।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय
11.2.21
डॉ0 (आर0के0 चतुर्वेदी)
अपर सचिव

AO (Acad.)
18
12/02/21

पत्रांक : – /रा0उ0शि0प0/ – / – तद्दिनांक।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0 को कुलपति महोदय के अवगतार्थ।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन/सदस्य सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद को अपर मुख्य सचिव महोदया के अवगतार्थ।

डॉ0 (आर0के0 चतुर्वेदी)

शीर्ष प्राथमिकता/समयबद्ध

संख्या–474 /सत्तर–3–2021–08(35)/2020

प्रेषक,

मोनिका एस.गर्ग,
अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक,
उच्च शिक्षा, उ0प्र0,
प्रयागराज।

2. कुलसचिव,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3

लखनऊ : दिनांक 10 फरवरी, 2021

विषयः–राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के परिप्रेक्ष्य विश्वविद्यालयों में टास्क फोर्स एवं महाविद्यालयों में क्रियान्वयन समिति के गठन के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन में विश्वविद्यालय की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। नीति के लगभग 70% प्राविधानों का क्रियान्वयन विश्वविद्यालय को अपने स्तर से ही करना है। इस कार्ययोजना के क्रियान्वयन का आधार शिक्षक हैं। अतः कार्यशालाओं के माध्यम से उनका उन्मुखीकरण (ओरियंटेशन) एवं समय–समय पर नियमित रूप से रिफ्रेशर एवं समीक्षा की उचित व्यवस्था करनी होगी। इस हेतु शैक्षिक संस्थानों के परिवेश में खुलापन एवं अकादमिक वातावरण का भी सृजन करना आवश्यक होगा। इस प्रकार सभी स्तर पर समग्रता से क्रियान्वयन की योजना से राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 का वास्तविक एवं सुचारू रूप से क्रियान्वयन हो सकेगा।

2– इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु प्रत्येक विश्वविद्यालय में टास्क फोर्स एवं प्रत्येक महाविद्यालय में 03–05 सदस्यीय क्रियान्वयन समिति का गठन किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस प्रकार के टास्क फोर्स एवं क्रियान्वयन समिति के माध्यम से सम्बन्धित शिक्षकों एवं अभिभावकों की सहभागिता से नीति का क्रियान्वयन किया जा सकेगा। जब तक शिक्षकों की सहभागिता नहीं होगी, तब तक वास्तविक एवं जमीनी क्रियान्वयन सम्भव नहीं हो सकेगा।

3– विश्वविद्यालय स्तर पर गठित NEP-2020 टास्क फोर्स मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्यों का सम्पादन करेंगे :–

- विषय विशेषज्ञों से परामर्श
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के विभिन्न पहलुओं के क्रियान्वयन हेतु कार्यवाही
- शासनादेशों का विश्वविद्यालयों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में समुचित क्रियान्वयन

4– महाविद्यालय स्तर पर गठित NEP-2020 क्रियान्वयन समिति मुख्य रूप से निम्नलिखित कार्यों का सम्पादन करेंगे :–

- राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा
- शासनादेशों का समुचित क्रियान्वयन।

5— प्रत्येक शैक्षिक संस्थान के प्रमुख को सुनिश्चित करना होगा की वहाँ के प्रत्येक शिक्षक ने प्रारूप का पूर्ण रूप से अध्ययन कर लिया है। शिक्षकों की सहभागिता एवं क्रियान्वयन में उनको आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों का समय—समय पर समाधान करना आवश्यक होगा। शिक्षकों और वरिष्ठ छात्रों हेतु संगोष्ठियों का आयोजन जिसमे शोध—पत्र भी मंगवाए जा सकते है तथा आलेख प्रतियोगिता आदि गतिविधियों के माध्यम से भी उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जा सकती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति—2020 के क्रियान्वयन हेतु प्रत्येक शैक्षिक संस्थान द्वारा कम से कम एक संगोष्ठी प्रत्येक माह होनी चाहिए। विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के माध्यम से कमबद्ध संगोष्ठियों का आयोजन अपेक्षित है जिसमें शुरूआत में शिक्षा नीति की समग्रता पर एवं दूसरे चरण में उच्च शिक्षा, शिक्षा नीति एवं भारतीय भाषा, शिक्षा नीति एवं भारतीय ज्ञान परम्परा आदि, तीसरे चरण में "मेरू" (मल्टीपल एजूकेशन एण्ड रिसर्च यूनिट), एकेडमिक बैंक ऑफ केडिट, मल्टीपल एग्जिट एण्ड एन्ट्री आदि पर संगोष्ठी, कार्यशालाओं, ई—संगोष्ठियों का आयोजन करना होगा।

6— इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कई विश्वविद्यालयों में NEP—2020 टास्क फोर्स का गठन किया गया है। अनुरोध है कि शेष विश्वविद्यालय भी उक्त टास्क फोर्स का गठन करके शासन को दिनांक 25.02.2021 तक कृत कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करें एवं प्रत्येक महाविद्यालय में NEP—2020 कियान्वयन समिति का गठन करके निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज शासन को दिनांक 25.02.2021 तक अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीया,

( मोनिका एस. गर्ग )
अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या—474(1)/सत्तर—3—2021—तद्दिनॉक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

(1) कुलपति, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।

(2) अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कृपया विश्वविद्यालयों से उक्त कार्यकम की सूचना प्राप्त करके संकलित सूचना उच्च शिक्षा अनुभाग—3 के ई—मेल आई0डी0 hesection.3@gmail.com पर दिनांक 25.02.2021 तक उपलब्ध करायें।

आज्ञा से,

( अब्दुल समद )
विशेष सचिव।